हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 30 जुलाई 2024
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

11 स्कूल सफाई कर्मचारियों ने दी अनिश्चितकालीन हड़ताल की ...

12 दस दिन की लगातार बारिश से कुरुद विस की सड़कें खराब

कुछ पन्ने इतिहास से

ओडिशा बार्डर टच करती थी जंगल ट्रेन

■ ब्रॉडगेज को बस्तर तक विस्तार करने की उठने लगी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी की जंगल ट्रेन उड़ीसा टच करती थी। इससे बस्तर तक व्यापारिक लिंक जुड़ा हुआ था। अब ब्रॉडगेज को भी बस्तर तक विस्तार करने की मांग उठने लगी है। यदि बस्तर से धमतरी-रायपुर ट्रेन की सुविधा मिलती है तो वनोपज सहित कई प्रकार के व्यापार के लिए नए अवसर भी पैदा होंगे।

धमतरी की छुकछुकिया का इतिहास काफी गौरवपूर्ण रहा है। बंगाल नागपुर रेलवे के अधीन जंगल में चलने वाली देश की पहली रेल थी। इस कारण इसे लोग जंगल ट्रेन के नाम से जानते थे। इतिहास पर नजर डालें तो ब्रिटिश गवर्नमेंट ने सन 1891- 92 में इस रेल लाइन के लिए सर्वे किया गया था। 1896-1991 के बीच रेलवे लाइन का काम पूरा हुआ। यह रेललाइन रायपुर, धमतरी, नगरी होते हुए लिखमा तक जाती थी। यानी उड़ीसा बार्डर टच करती थी। रेलवे लाइन के सबूत आज भी जंगल ⏭ शेष पेज 11 पर



टाइगर रिजर्व में चलती थी ट्रेन

सीतानदी-उदंती टाइगर रिजर्व में आज किसी प्रकार के निर्माण पर प्रतिबंध हैं। एक समय था जब इस घनघोर जंगल में यह जंगल ट्रेन चलती थी। उस वक्त भाप इंजन से ट्रेन चलती थी। इंजन में पानी भरने के लिए जगह-जगह कुएं भी बनाए गए थे। लिखमा में दो और केकराखोली के पास एक कुआं आज भी मौजूद है।

रेलमार्ग का किया निरीक्षण

बस्तर में रेल सेवा के लिए संघर्ष कर रहे रेललाइन अभियान के सदस्यों ने अंग्रेजों के जमाने के इस रेलमार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि इस रेललाइन का विस्तार बस्तर तक किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि ब्रॉडगेज लाइन केवल धमतरी तक बिछाई जा रही है। यदि इसका विस्तार बस्तर तक किया जाता है तो व्यापार-व्यवसाय की काफी संभावना बढ़ेगी।

ऐसे खो गई जंगल ट्रेन

अंग्रेजों द्वारा जंगल ट्रेन का निर्माण इमारती लकड़ी और वनोपज के परिवहन के लिए किया गया था। इस ट्रेन में एक डिब्बा यात्रियों के लिए भी था। यह ट्रेन 1926-27 तक तो फायदे में रही, लेकिन 1941-42 के आते तक इसमें ब्रिटिश शासन को नुकसान होने लगा था। 1942 में यात्री सेवा बंद कर दी गई। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जब ब्रिटिश हुकूमत को ईंधन की जरूरत पड़ी तो धमतरी से आगे की पटरियां उखाड़कर ईराक की राजधानी बगदाद भेज दी गई। इसके बाद धमतरी में छोटी रेललाइन चलती रही। कुछ साल पहले ही छोटी रेललाइन को भी बंद कर दिया। धमतरीवासियों की मांग पर बड़ी रेललाइन की सुविधा देने का काम चल रहा है।

स्टेशनपारा की बस्ती बारिश के बाद हटेगी

बड़ी रेललाइन के लिए 2018 में रेलमंत्री पीयूष गोयल ने शिलान्यास किया था। 550 करोड़ के इस प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। नवा रायपुर से केन्द्री और अभनपुर तक पटरियां बिछाई जा चुकी हैं। पुल-पुलिया का काम चल रहा है। रेलवे ट्रेक मंदिर हसौद से जुड़ेगा। इस रेल लाइन में धमतरी से रायपुर के बीच 10 स्थानों पर स्टेशन बनाया जा रहा है। अभनपुर में स्टेशन बनकर तैयार भी हो चुका है। धमतरी गुड्स टर्मिनल का निर्माण चल रहा है। बड़ी रेल लाइन निर्माण के साथ स्टेशनपारा बस्ती से भी रेलवे की जमीन खाली करवाई जाएगी। इस बस्ती में 287 परिवार है जिन्हें यहां से हटाया जाना है। हटाने का काम बारिश के बाद होगा।

गंगरेल के डुबान में मिली युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल डुबान के मोगदाकोन्हा में एक युवक की सड़ी-गली लाश पानी में तैरती मिली। मृतक की पहचान ग्राम सियादेही निवासी के रूप में की गई है।

पुलिस के अनुसार सोमवार की सुबह गंगरेल बांध के अंतिम छोर मोगदाकोन्हा में एक युवक की लाश मिलने की केरेगांव पुलिस को सूचना मिली। जिपं सदस्य खूबलाल ध्रुव की सूचना पर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शव को बहार निकलवाया। युवक ने टी-शर्ट पहना था। उसके सीने व हाथ में जेक स्टार लिखा टैटू बना हुआ था। पैरों की हड्डियां कमर तक गल गई थी। शरीर के कई हिस्सों को मछलियां खा चुकी थी। पुलिस शव की पहचान में जुट गई। काफी प्रयास करने के बाद शव की पहचान ग्राम सियादेही कुकरेल निवासी जितेन्द्र विश्वकर्मा उम्र 45 वर्ष के रूप में की गई। पूछताछ में पता चला कि युवक 8 दिन पहले मछली पकड़ने गंगरेल बांध जाने की बात कहकर घर से निकला था, जो वापस घर नहीं लौटा था। पुलिस प्रथमदृष्टया पानी में डूबने से युवक की मौत होना मानकर चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। शव की स्थिति ज्यादा खराब होने के कारण पोस्टमार्टम के लिये रायपुर मेडिकल कालेज भेजा गया।

खबर संक्षेप

निवारण शिविर करेली बड़ी में आज

धमतरी। लोगों की समस्या, मांग और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम करेली बड़ी में 30 जुलाई को जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने शिविर में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

जिले के 133 श्रद्धालु आज जाएंगे अयोध्याधाम

धमतरी। श्री रामलला दर्शन योजना के तहत जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से प्राप्त आवेदन पत्रों पर लॉटरी के माध्यम से 133 श्रद्धालुओं का चयन किया गया है। इनमें ग्रामीण क्षेत्र के 100 और नगरीय क्षेत्र के 33 श्रद्धालु शामिल हैं। अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी जीआर मरकाम ने बताया कि श्रद्धालु 30 जुलाई को सुबह अयोध्या धाम के लिए रवाना होंगे, जिन्हें हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

पेंशनरों की बैठक मगरलोड में 5 को

धमतरी। पेंशनर एसोसिएशन छग प्रदेश जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 5 अगस्त दोपहर 1 बजे पेंशनर एसोसिएशन भवन मगरलोड में आयोजित की गई है। 6 अगस्त को दोपहर 1 बजे धमतरी में होगी। पेंशनर संगठन के न्यायालयीन प्रकरण पर चर्चा की जाएगी। विरेंद्र नाग अध्यक्ष, मोतीलाल हिरवानी सचिव ने पेंशनर सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

सिंगपुर सोसाइटी के 20 गांव फसल बीमा से वंचित

■ किसान संघर्ष संघ सिंगपुर क्षेत्र ने छूटे गांवों को अधिसूचना में शामिल करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मगरलोड ब्लॉक के 20 गांवों के पीएम फसल बीमा योजना से वंचित होने का मामला सामने आया है। किसान संघर्ष संघ सिंगपुर क्षेत्र ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर फसल बीमा योजना से वंचित गांवों को शामिल करने की मांग की है।

सोमवार को सिंगपुर क्षेत्र के 20 गांवों के किसानों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने कहा है कि असिंचित ग्राम पालवाड़ी, सिरकट्टा, मुरूमडीह, बोदलबाहरा तथा सिंचित ग्राम केकराखोली, खड़मा रैयत, बोइरगांव, मड़वापथरा, सरईरूख, पिपरौद, सोनारिन दैहान, बासीखई, घोटिया दादर, कासरवाही, आलेखुंटा, गोबरा पठार, पेंड्रा, राउतमुड़ा, धनोरा, सेनझरी, मुरूमडीह, सिरकट्टा, पालवाड़ी, बोदलबाहरा का नाम पीएम फसल बीमा योजना 2024 की अधिसूचना में नहीं है। संघ ने ज्ञापन में कहा है कि पूर्व के समय से उक्त गांवों में फसल बीमा होते आ रहा है, लेकिन इस साल इन गांवों का नाम फसल बीमा योजना में नहीं है। इन गांवों को फसल बीमा अधिसूचना में जोड़ने की मांग कलेक्टर से की गई। मांग को लेकर 20 गांवो से दर्जनों किसानों ने संघ अध्यक्ष रामायण सिन्हा के नेतृत्व में कलेक्टोरेट में आवाज बुलंद की।

कभी भी खुल सकता है गंगरेल बांध का गेट

धमतरी। गंगरेल बांध का गेट कभी भी खुल सकता है। सोमवार को बांध 75 फीसदी भर गया है। सिंचाई विभाग के सहायक इंजीनियर दीक्षा देवांगन ने बताया कि 32.150 टीएमसी क्षमता वाले गंगरेल बांध में 25 टीएमसी पानी भर गया है। शाम 5 बजे पानी की आवक 16 हजार क्यू से क रही। पानी की आवक कम होने के कारण अभी बांध का गेट नहीं खोला गया है। बारिश होने तथा आवक बढ़ने पर कभी भी गंगरेल के मुख्य गेट को खोला जा सकता है। इससे पहले नदी किनारे के गांवों को जलसंसाधन विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। इधर रूद्री बॉरेज लबालब होने के बाद सोमवार को दो गेट खोल दिए गए जिससे महानदी में 1481 क्यूसेक पानी जा रहा है। पानी छोड़ने से पहले बांध प्रबंधन द्वारा सायरन बजाया गया।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

साइबर फ्रॉड : रिटायर्ड बैंक कर्मी के खाते से उड़ाये 3.66 लाख रुपए

■ कोरियर कंपनी का कर्मचारी बताकर की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अपने आपको कोरियर कंपनी का कर्मचारी बताकर डुप्लीकेट आरसी बुक की डिलीवर करने का झांसा देकर रिटायर्ड बैंककर्मी के खाते से 3 लाख 66 हजार की राशि उड़ाने वाले आरोपी के खिलाफ कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार सविन्दर सिंह खालसा रिसाईपारा पेट्रोल पंप के पीछे निवासी नागरिक सहकारी बैंक रायपुर शाखा से सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। 2 जुलाई को छग आरटीओ द्वारा उसके दोपहिया वाहन का डुप्लीकेट रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट पोस्ट के माध्यम से भेजा गया था, जिसकी जानकारी सविन्दर को उसके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर बीजेड वाहन से भेजे गए एसएमएस के माध्यम मिला। उक्त एसएमएस पर स्पीड पोस्ट ट्रेकिंग नंबर दर्शाया गया था, जिससे प्रार्थी गाड़ी का आरसी आनलाइन ट्रैक कर सकता था। प्रार्थी द्वारा 3 व 4 जुलाई को उक्त ट्रेकिंग नंबर से अपने पोस्ट को कई बार आनलाइन ट्रैक किया था लेकिन इस संबंध में उसे कोई जानकारी नहीं मिल पा रही थी। 4 जुलाई की सुबह प्रार्थी के मोबाइल पर अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने अपने आपको कोरियर सर्विस कंपनी का बताते हुए प्रार्थी का पता अपडेट नहीं होने के कारण कुरियर डिलीवर नहीं होना बताया। पता अपडेट करने उक्त व्यक्ति ने प्रार्थी को आनलाइन पता अपडेट करने की प्रक्रिया बताई। बातें करते हुए उसने प्रार्थी के मोबाइल की सेटिंग में फेरबदल करवाया, जिसके बाद मोबाइल पर कस्टमर सपोर्ट इंस्टाल हो गया, जिसके बाद उक्त व्यक्ति ने मोबाइल एप के जरिये अपने पते की सही जानकारी डालने के लिए कहा। अपडेट के लिये 5 रूपये की राशि देय होना बताया। उक्त राशि को प्रार्थी द्वारा नेट बैंकिंग के जरिये भुगतान करने का प्रयास किया लेकिन भुगतान नहीं हो पाया। इसके बाद 5 जुलाई को प्रार्थी के बैंक खातों और क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 66 हजार, एक लाख 50 रूपये व क्रेडिट कार्ड से एक लाख 254 रूपये कुल 3 लाख 66 हजार 304 रूपये का आहरण कर लिया है। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318-4 बीएलएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

1/2 सत्रीय (सत्र 2024-2025) पाठ्यक्रमों हेतु विशेष प्रकाशन
राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा प्रमाणित विभिन्न-मेडिकल/ नर्सिंग/ पैरामेडिकल के डिप्लोमा एवं पोस्ट डिप्लोमा कोर्सेस में चयन हेतु

आवेदन की अंतिम तिथि	कुल सीटें	हॉस्टल सुविधा	शिक्षा लोन उपलब्ध
20 अगस्त 2024	प्रति केन्द्र/30 सीट/प्रति कोर्स	उपलब्ध	(विद्या कौशल द्वारा)*

पैरामेडिकल, नर्सिंग एवं फार्मा

MPHW पोस्टडिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर	DMLT डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्निशियन	डिप्लोमा इन डाइलिसिस टेक्निक्स	पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निक
पोस्ट डिप्लोमा इन हॉस्पिटल मेनेजमेंट	नर्सिंग सुपरवाइजर	डिप्लोमा इन एनेस्थिसिया टेक्निकस	वार्डबॉय
पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन असिस्टेंट	हेल्थ इंस्पेक्टर/ड्रेसर	डिप्लोमा इन यूनानी थैरेपी असिस्टेंट	डिप्लोमा इन हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन
डिप्लोमा एनेस्थिसिया/डाइलिसिस मेडिकल इक्यूपमेंट टेक्निकस	पोस्ट डिप्लोमा इन ओ. टी. टेक्निकस	डिप्लोमा इन आयुर्वेद पंचकर्म	डिप्लोमा इन सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर

उपलब्ध एवं प्रस्तावित* प्रशिक्षण केन्द्रों की सूची
रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव*, महासमुन्द, सरायपाली, बलौदा बाजार *, धमतरी, जगदलपुर*, अम्बिकापुर, रायगढ़*, कोरबा, बेमेतरा

विद्यार्थी जिनकी परीक्षाओं के रिजल्ट / नतीजे न आए हों, वे भी आवेदन कर सकते हैं। काउंसलिंग के समय मार्कशीट / रिजल्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
विकलांग सैनिक स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवार हेतु निर्धारित सीट आरक्षित है!
नोटः- आवेदक निम्न दिये आवेदन पत्रों के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण अपने हाथो से भरें, साथ ही 25 रू. का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफा में अपना स्वंय का पता स्पष्ट लिखकर रजिस्ट्री द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें!
आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा! चयनित उम्मीदवार को कॉल लेटर द्वारा काउंसलिंग हेतु सूचित किया जावेगा!
आवेदन पत्र जमा करने कि अंतिम तिथि दिनांक 20 अगस्त 2024 तक!

प्रति
निदेशक
लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ
राष्ट्रीय कौशल विकास निगम निवेश संस्थान
6, इंस्टीट्यूशनल एरिया, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय,
रायपुर, (छ ग) पिन : 492010

स्वप्रमाणित पासपोर्ट साइज कलर फोटो

महोदय,
..... पाठ्यक्रम का नाम में चयन हेतु मै अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूं!
1. आवेदक का नाम .....
2. पिता /पति का नाम.....
3. जन्म तिथि अंकों में.....
4. अनु. जाति जन जाति पिछड़ा वर्ग.....
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित..... मो. न. 1.....2.....
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात् प्रवेश लेना है.....
7. शैक्षणिक योग्यता .....

पैरामेडिकल क्षेत्रों में कार्यरत कर्मियों हेतु
SPOT COUNSELING & ADMISSION
Explore @ www.leelasgroup.com

विभिन्न जिलों/शहरों में पैरामेडिकल/मैनेजमेंट/आईटी कंप्यूटर/ बैंकिंग फाइनेंस के सेक्टर में सेल्फस्पॉन्सर - कौशल केंद्र खोलने हेतु संपर्क करें: 8370077700, 8962555500
Maa Ad

वेतन व पेंशन व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग
नगरीय निकाय के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

वेतन व पेंशन व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित अन्य मांगों को लेकर नगरीय निकायों के कर्मचारियों ने छग स्वायत्तशासी संघ के बैनरतले गांधी मैदान में एक दिवसीय हड़ताल की।

कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम दिये गये ज्ञापन में कहा है कि नगरीय निकायों मे वेतन संबंधी समस्या हमेशा बनी रहती है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर के आदेशानुसार नगरीय निकायों में कार्यरत नियमित व प्लेसमेंट कर्मचारियों को प्रत्येक माह की 7 तारीख तक वेतन भुगतान अनिवार्य रूप से किये जाने का निर्देश है। किंतु वर्तमान स्थिति में नगरीय निकायों में एक से चार माह का वेतन भुगतान लंबित हैं, जिसके कारण निकाय के कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों की स्कूल फीस, स्कूल ड्रेस, स्टेशनरी सामान खरीदने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारी संघ ने तीन चरण में शासन का ध्यान आकृष्ट कराने चरणबद्ध शांतिपूर्ण धरना करते हुए सोमवार को एक दिवसीय जिलास्तरीय हड़ताल की। कर्मचारियों ने शासन से प्रत्येक माह की 1 तारीख को वेतन का भुगतान सुनिश्चित करने व अन्य विभागों की तरह पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग की है।

इस दौरान संरक्षक ओमप्रकाश शर्मा, अध्यक्ष तरूण गजेन्द्र, नमिता नागवंशी, मंगलूराम निर्मलकर, नरेन्द्र साहू, खिलेश्वर साहू, अविनाश मरोठे, दिनेश शर्मा, कामताप्रसाद नागेन्द्र, मनोज देवांगन, विकास ग्वाल, नितिन वनवासी, प्रमेश, अनुज, संजू यादव, ईशहाक खान, छवि प्रजापति सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

गुरू पूर्णिमा व पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया

पुरी। सरस्वती शिशु मंदिर छाती में गुरू पूर्णिमा उत्सव व पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधरोपण किया गया। अतिथि डॉ महेन्द कश्यप सेवानिवृत्त चिकित्सा अधिकारी छाती व वरिष्ठ आचार्य गुणेश हिरवानी, भीमराम साहू ने गुरू पूर्णिमा व पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डाला। मौके पर भुनेश्वर फुटान, तुकेश्वर फुटान, कामता निर्मलकर, हुमन साहू, सांस्कृतिक प्रमुख नम्रता साहू, प्रतिभा ध्रुव, अंकिता ध्रुव द्वारा विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया।

जिले में अब तक 626 मिमी औसत वर्षा दर्ज

धमतरी। जिले में 1 जून से अब तक 626.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार धमतरी तहसील में 606.6 मिमी, कुरूद तहसील में 516.2 मिमी, मगरलोड में 487.7 मिमी, नगरी तहसील में 843.4 मिमी, भखारा में 477.9 मिमी, कुकरेल तहसील में 661.2 मिमी और बेलरगांव तहसील में 794.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले में आज औसत वर्षा 6.4 मिमी दर्ज की गई है। धमतरी में 7 मिमी, कुरूद में 12.4 मिमी, मगरलोड में 2.7 मिमी, नगरी में 3.4 मिमी, भखारा में 4.3 मिमी, कुकरेल में 3 मिमी और बेलरगांव में 12 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

न्यायालय श्रीमान् प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1, धमतरी छ.ग.

भरतलाल सोनकर एवं अन्य ....आवेदकगण
विरुद्ध
आम जनता एवं अन्य .... अनावेदकगण
प्र.क्र. 04/2024, प्रो.क्र. 989/24
पेशी दिनांक 20.08.2024
आदेश दिनांक 22.07.2024
प्रति,

आम जनता जिनका कोई हित हो आवेदकगण भरतलाल पिता स्व श्री कवंलसिंह सोनकर निवासी ग्राम कोलियारी तह. व जिला धमतरी एवं अन्य के द्वारा इस न्यायालय में कंवलसिंह पिता ईतवारी सोनकर निवासी ग्राम कोलियारी तहसील व जिला धमतरी के नाम पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. रायपुर शाखा धमतरी में बचत खाता कमांक 624032081196 में स्थित है जिसमें उसके नाम पर मई 2024 तक 444068.22 रू अक्षरी चार लाख चवालिस हजार अड़सठ रूपया बाईस पैसा जमा है। कंवलसिंह का निधन दिनांक 17.05.2021 को हो गयी है जिसके जमा राशि के उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत आवेदन आवेदकगणों के द्वारा पेश किया गया है। अतः इस सबंध में आम जनता को जिसका उपरोक्त संपत्ति में कोई हित हो इस न्यायालय में पेशी दिनांक 20.08.24 को प्रातः 11 बजे स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के द्वारा जिसे इस प्रकरण का पूरा हाल समझा दिया गया हो उपस्थित होकर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक तरफा कार्यवाही कर आदेश/आज्ञाप्ति पारित किया जावेगा। पेशी दिनांक किसी प्रकार की कोई अवकाश हो जाता है तो प्रकरण में पेशी की अगले दिन सुनवायी की जावेगी।

आज दिनांक 23/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

(मोहन सिंह कोर्राम)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार क्र.02 कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)

//नोटिस//

रा.प्र.क्र.202306131900005/अ-5/2022-2023
ग्राम-भैंसमुण्डी प.ह.नं. 44 तहसील कुरूद

एतद द्वारा सर्वधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक कृपाराम पिता जेठूराम साहू निवासी ग्राम भैंसमुंडी प.ह.नं. 44 तहसील कुरूद जिला धमतरी द्वारा ग्राम भैंसमुंडी में स्थित वादभूमि बंदोबस्त पूर्व खसरा नंबर 184/2 रकबा 0.29/0.117 भूमि को खातेदार ओसियर पिता सखाराम नाम के नाम पर दर्ज भूमि को आवेदक कृपाराम पिता जेठूराम के द्वारा दिनांक 29.04.2023 को पंजीकृत बैनामा से खरीदी भूमि है।

बंदोबस्त पूर्व ख.नं. 184/2 रकबा 0.29/0.117 जिसका वर्तमान ख.नं. 548 रकबा 0.09 हे. बना हुआ है। आवेदक की भूमि बंदोबस्त पूर्व राजस्व अभिलेख में वर्ष 1992-93 बी 1 में दर्शित था तथा बंदोबस्त के दौरान त्रुटिवश प्रकरण में अनावेदक पक्षकार अर्जुन पिता भोदूराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम बकली के नाम पर 548 रकबा 0.09 हे. भूमि दर्ज हो चुका है। उक्त बंदोबस्त त्रुटि सुधार हेतु प्रकरण न्यायालय में अनावेदक पक्षकार अर्जुन पिता भोदूराम साहू निवासी ग्राम बकली की जवाब उपस्थिति हेतु नियत है।

इस नोटिस के द्वारा अनावेदक पक्षकार अर्जुन पिता भोदूराम साहू को सूचित किया जाता है कि अपना पक्ष समर्थन में जवाब दावा प्रस्तुत करने प्रकरण में नियत पेशी तारीख 08/08/2024 को कार्यालयीन समय पर न्यायालय नायब तहसीलदार क्रमांक 02 कुरूद में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त जवाब दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया।

पदमुद्रा

नायब तहसीलदार
कुरुद, जि. धमतरी (छ.ग.)

भैंसबोड़ में आयोजित काव्य गोष्ठी में दर्शकों को खूब गुदगुदाया

कवियों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण पर पढ़ी कविता

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

संगवारी साहित्य समिति सिर्री के तत्वावधान में ग्राम भैंसबोड़ में साहित्यकारों ने सरस्वती वंदन उपन्यास सम्राट प्रेमचंद और महान वैज्ञानिक डॉ एपीजे अब्दुल कलाम को याद किया। बाल कवियत्री सेलिना दावना ने छत्तीसगढ़ महतारी वंदना प्रस्तुत की। मंच संचालन रामेश्वर साहू बकली ने किया। संगवारी साहित्य समिति सिर्री के संस्थापक सदस्य रामेश्वर प्रसाद सिन्हा ने मां के ऊपर भावुक कर देने वाली रचना का पाठ किया। भाठागांव से आए सेवानिवृत्त शिक्षक व समाजसेवी लिखनलाल साहू ने पढ़ने लिखने के लिए बच्चों को प्रेरित करते हुए रचना पढ़ी। लीलाराम सिन्हा ने कविता का मर्म बताते हुए कहा कि कविता दिल से निकलती है। गातापार से आए युवा कवि राजू छत्तीसगढ़िया ने पुराना खेल व वर्तमान स्थिति को समझाते हुए कहा कि गांव के खेल हा कते डाहर नंदागे, लइका मन हा मोबाइल मा भुलागे। नारी से आए कवि मोहन कंसारी ने छत्तीसगढ़ के किसानों का जयगान करते हुए काव्य पाठ किया। जोरातराई के वरिष्ठ साहित्यकार घनाराम साहू ने दैनिक दिनचर्या पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ कवि प्यारेलाल साहू मरौद ने अपने गीत व गजल से खूब तालियां बटोरी। बाल कवित्री सेलिना दावना ने अपनी कविता में पर्यावरण का संदेश दिया। बृजलाल दावना ने सावन महीने में किसानों व तीज त्यौहार के बारे में प्रस्तुति दी। ग्राम बकली से आए वरिष्ठ कवि संचालक रामेश्वर साहू की रचना ने भी आनंद की बौछार कर दी। कवि चोपेश्वर साहू ने डोकरी डोकरा की कविता पढ़कर दर्शकों का दिल जीत लिया। तातुराम तारक ने अपनी रचनाओं के माध्यम से नशा करने वालों को चेतावनी दी। रवि साहू ने समाजिक एकता की भावना को दर्शकों के बीच रखा। तहसील अध्यक्ष कामता साहू ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरण पर रचना प्रस्तुत की। भैंसबोड़ के वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक कवि गंगाप्रसाद साहू परेटहा ने व्यंग रचना प्रस्तुत की। काव्य गोष्ठी का आनंद लेने सेमरा परिक्षेत्र अध्यक्ष होमेन्द्र साहू, दुलरवा साहू,आरती राम साहू, भानसिंग साहू, कृष्ण कुमार, रुद्र कुमार, बिसहत तारक, डामरसिंग शीतल, बुधारू राम, ईश्वर साहू, संतोष दावना, गणेशु, गजेन्द्र अष्टबंधु, चमेली, सरिता, अंजलि, भानबाई , अनीता समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

छग के 35 शहीद परिवारों का किया सम्मान

■ अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने रायपुर में मनाया कारगिल विजय दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला रायपुर द्वारा महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर विवेक शर्मा संचालक राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड रायपुर छत्तीसगढ़ थे। अध्यक्षता राजेश अग्रवाल समाज सेवक ने की। विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर व्ही के चौहान, युद्ध सेवा मेडल कारगिल योद्धा, कर्नल जेएसएस कक्कड़, कर्नल हरेंद्र त्रिपाठी अध्यक्ष अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़, श्रीमती शकुंतला पांडे वीर माता शहीद लेफ्टिनेंट राजीव पांडे, मिंसा नयन वीर नारी, श्रीमती निशा यादव वीर नारी, ब्रिगेडियर पीके लहरी, मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण, कैप्टन अनिल शर्मा जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, सौदागर सोनकर भापति जिला पंचायत रायपुर, अमिताभ दुबे अध्यक्ष ग्रीन आर्मी आफ रायपुर थे। इस अवसर पर कारगिल योद्धाओं एवं छत्तीसगढ़ के वीर शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीदों के लिए मौन रखा गया। कार्यक्रम में लगभग 200 पूर्व सैनिक एवं 100 सैन्य मातृशक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जेसीआई सुपर चैप्टर, जेसीआई मैक यूनाइटेड, जेसीआई मैक कॉलेज रायपुर, रोवर रेंजर टीम मैक कॉलेज रायपुर, ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर ने सहयोग प्रदान किया। छत्तीसगढ़ के 35 शहीद परिवारों का सम्मान संगठन द्वारा स्मृति चिन्ह, शाल एवं श्रीफल भेंट कर किया गया।

इस अवसर पर ब्रिगेडियर विवेक शर्मा एवं कर्नल हरिंदर त्रिपाठी ने कारगिल युद्ध के दौरान हुई आपबीती को जनमानस तक पहुंचाया। मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों के बलिदान को याद किया। मौके पर निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण केंद्र अभनपुर एवं निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण केंद्र बोरिया खुर्द तथा छत्तीसगढ़ डिफेंस अकादमी रायपुर के प्रशिक्षणार्थियों ने देश भक्ति एवं लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन हेमंत साहू शिक्षक, पोयम साहू कवि एवं आभार व्यक्त संगठन के जिला अध्यक्ष खेमचंद निषाद एवं सचिव योगेश साहू ने किया। यह जानकारी योगेश साहू सचिव ने दी है।

कोसमर्रा स्कूल में कारगिल के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, स्काउट गाइड एवं रेडक्रास के संयुक्त तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सैनिक दीपक मरकाम थे। अध्यक्षता प्राचार्य चैतराम साहू ने की। अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर श्री मरकाम ने कहा कि कारगिल में हमारे वीर सैनिकों ने अदम्य साहस , शौर्य, पराक्रम व वीरता के बल पर कारगिल की चोटियों पर तिरंगा फहराया था। प्राचार्य चैतराम साहू ने कहा कि हमें गर्व है कि हमारे विद्यालय के एनएसएस के पूर्व स्वयंसेवक दीपक मरकाम विषम परिस्थितियों में भी देश की सरहद पर रहकर हम सबको सुरक्षित रखे हैं।युवाओं में देश की रक्षा के लिए जज्बा होना चाहिए। सैनिक को श्रीफल एवं कलम भेंटकर सम्मानित किया गया।

मौके पर बालकृष्ण साहू, पुष्पेंद्र गुरु, कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर, नरेश कुमार, संतोष जगताप, रविंद्र बंदे, मानसिंह जांगड़े, अनिल कुमार साहू, हरिश्चंद्र नेताम, सीमा सोनी, किरण मनहर, उत्तरा गंजीर, प्रमोद बैस उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रेरणा, साधना एवं आभार व्यक्त चन्द्रप्रभा ने किया।

प्रकृति के संरक्षण के लिए पौधारोपण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भाजपा नेता अनुराग साहू अपने गृह ग्राम कोड़ापार में पेड़ लगाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण और प्रकृति के संरक्षण के लिए पेड़ लगाना जरूरी है। पेड़ पौधों की वजह से हमें भरपूर मात्रा में ऑक्सीजन प्राप्त होती है, इसलिए एक पेड़ जरूर लगाएं ताकि आने वाली पीढ़ी को ऑक्सीजन की कमी न हो।

चार स्तरीय वेतनमान, केंद्र के समान मांगा गृहभाड़ा भत्ता

■ विभिन्न मांगों को लेकर चार चरणों पर आंदोलन करेगा फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने लेकर रहिबो लेकर रहिबो, मोदी की गारंटी लेकर रहिबो। अब नई सहिबो अब नई सहिबो मोदी की गारंटी लेकर रहिबो के नारे के साथ अगस्त क्रांति का एलान कर दिया है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं दयालुराम साहू जिला अध्यक्ष, शिव नारायण गजेंद्र महामंत्री एवं अन्य पदाधिकारियों, सदस्यों ने बताया कि 6 अगस्त को इंद्रावती भवन (संचालनालय) से महानदी भवन (मंत्रालय) तक दोपहर 2 बजे से मशाल रैली एवं मंत्रालय के सामने प्रदर्शन होगा। मशाल रैली में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के घटक संगठनों के प्रांताध्यक्ष सहित प्रमुख पदाधिकारी, संभाग तथा जिला संयोजक सहित सभी पदाधिकारी शामिल होंगे। फेडरेशन ने चार स्तरीय झन कर इनकार हमर सुनव सरकार आंदोलन की घोषणा की है।

उन्होंने बताया कि मोदी की गारंटी भाजपा के घोषणा पत्र के अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता एरियर्स सहित 1 जनवरी 24 से महंगाई भत्ता में 4 प्रतिशत वृद्धि कर साथ 50 प्रतिशत डीए स्वीकृत करने, प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में जमा किये जाने, चार स्तरीय समयमान वेतनमान देने, केन्द्र के समान गृहभाड़ा भत्ता, अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन देने का मुद्दा शामिल है।

बिरेझर स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

शासकीय प्राथमिक शाला बिरेझर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के चार वर्ष पूर्ण होने पर शिक्षा सप्ताह मनाया गया। सामुदायिक सहभागिता पर पालकों की बैठक हुई। सभी ने शिक्षा की गुणवत्ता एवं स्कूल में सहयोग की शपथ ली। रूपराम साहू ने बच्चों को न्योता भोजन कराया। इस अवसर पर शाला के प्रधानपाठक राजू बघेल, मानसिंह साहू, रूपराम साहू, शाला समिति के अध्यक्ष भादूराम साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

शाला विकास समिति के शुभम दास अध्यक्ष बने

■ अध्यक्ष एवं प्राचार्य ने कार्यकारिणी समिति का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीजामगांव में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शुभम दास बघेल एवं विद्यालय के प्राचार्य केपी साहू ने शाला विकास एवं प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी समिति का गठन किया।

ज्ञात हो कि राज्य में बीजेपी की सरकार बनने के पश्चात धमतरी जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा एवं कुरुद क्षेत्र के विधायक अजय चंद्राकर की अनुशंसा से शासकीय उच्चतर विद्यालय जीजामगांव में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद के लिए शुभम दास बघेल को मनोनीत किया गया। शनिवार को विद्यालय में शेष कार्यकारिणी का गठन किया गया जिनमें जीवराखन चंद्राकर, पीएन नेताम, भोजराज सोन, युवलाल चेलक, अरुण साहू, होरीलाल साहू, अशोक साहू, सांवल ओगरे, भीम पटेल सुरेश साहू, पुनीतराम साहू, श्रीमती जयंती साहू, केशर साहू को मनोनीत किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य केपी साहू, श्रीमती कंचन कुर्रे, एलआर साहू, श्रीमती देवांगन, श्रीमती सरपा, श्रीमती सोनवानी, देवा साहू मौजूद थे। इस दौरान विद्यालय की भावी कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

कुकरेल का कांवरिया दल 10 को ओडिशा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुकरेल(धमतरी)

कुकरेल व आसपास के गांव का कांवरिया दल 10 अगस्त शनिवार को कुकरेल के महादेव मंदिर में पूजा करने के पश्चात कर्णेश्वर महादेव सिहावा के लिए रवाना होगा। कर्णेश्वर महादेव को जल अर्पण करने के बाद सिहावा के महानदी से जल लेकर पैदल 100 से अधिक कांवरियों का दल भाखन उड़ीसा पहुंचेगा। वहां महादेव में जल चढ़ाने के बाद गांव की खुशहाली के लिए महादेव से प्रार्थना करेंगे। इस कांवरिये दल में ग्राम कुकरेल, मोहलई, बासीखई, बनरौद, सियादेही, बनबगौद, गागोडार, कुम्हड़ा के कांवरिये शामिल होंगे। यह जानकारी महादेव संस्थान के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, वासुदेव मानिकपुरी, गिरधारी सिंह, पीताम्बर राजपूत, नंदकुमार नागेश, तुकेश सोरी, लखन लाल यादव, इतवारी सिन्हा ने दी है।

मंदरौद में शिक्षक, पालक, बालक सम्मेलन व समिति का गठन

बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों पर किया विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

शासकीय माध्यमिक शाला मंदरौद में रविवार को शिक्षक, पालक, बालक सम्मेलन हुआ। पालकों, गणमान्य नागरिक प्रबंधन समिति के सदस्य, ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बच्चों के शैक्षणिक स्तर, नियमित उपस्थिति, घर में पढ़ाई के प्रति पालकों को विशेष ध्यान देने पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया।

पालकों ने अपने-अपने बच्चों के बारे में अवगत कराया। पंचायत के प्रतिनिधियों, समिति, गणमान्य लोगों ने बच्चों के बौद्धिक विकास हेतु पालकों से बच्चों की हर गतिविधि पर विशेष ध्यान देने के लिए अपील की। प्रधानपाठक नेम सिंह दीवान व शिक्षक हुमन चंद्राकर, कामेश्वर साहू ने बच्चों के स्तर से अवगत कराया। जनपद सदस्य थानूराम साहू, प्रेमचंद साहू, उपसरपंच मोतीराम साहू, रामदयाल साहू , पुरुषोत्तम निषाद, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक मोजीराम साहू ने भी अपने विचार रखते हुए पालकों एवं बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।

शाला प्रबंधन समिति का गठन पालकों की उपस्थिति में किया गया। सर्व सम्मति से लक्ष्मी निषाद को अध्यक्ष, बाबू लाल साहू को उपाध्यक्ष, मोजी राम साहू को शिक्षाविद, मोती साहू को पंचायत प्रतिनधि बनाया गया। सदस्यों में अंगेश्वरी साहू डामेश्वरी ध्रुव, कीर्ति साहू, संगीता निषाद, भूमेश्वरी साहू, कांति बाई साहू,उमाशंकर निषाद, चेला राम भारती, कृष्णा साहू , हेमंत साहू, धर्मेंद्र साहू, रमेश कुमार ठीठी भी शामिल किए गए।

Pride of Dhamtari

आपके शहर धमतरी में
श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल, रायपुर से
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 7389936624

स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क एवं हृदय रोग से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें

डॉ अक्षय बैद	डॉ आशु जैन	डॉ जोगेश
MS,MCh, Neurosurgeon	MS,MCh, Neurosurgeon	MD,DM Interventional Cardiologist
ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ	ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ	
02 व 16 अगस्त 2024 शुक्रवार	09 अगस्त 2024 शुक्रवार	17 अगस्त 2024 शनिवार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, गौजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

खबर संक्षेप

गुरु एवं माता-पिता का हमेशा करें सम्मान

धमतरी। सशिमं उमा आमातालाब में गुरू पूर्णिमा मनाई गई। विशिष्ट अतिथि सोनसाय साहू एवं प्रदीप यादव ने हमेशा गुरु एवं अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन एवं सम्मान करने की बात कही। केवलसिंह साहू आचार्य ने मानव जीवन में गुरु की महत्ता बताई। प्राचार्य महेश सपहा एवं मुख्य अतिथि योगेंन्द्र यादव ने भी गुरु महिमा पर अपने विचार रखे। छात्र-छात्राओं ने गुरु महिमा पर आधारित भाषण, कविता, भक्तिपूर्ण भजन की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में साक्षी तिवारी, सोनम निर्मलकर, शुभांशु साहू, योगी साहू, श्रुति सिंह, डेविना सिन्हा, काव्या निर्मलकर, खिलेश, नैनसी वर्मा, मीनाली सिन्हा, राशि साहू का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन वंदना साहू ने किया।

प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने पौधारोपण जरूरी

धमतरी। एक पेड़ मां के नाम स्लोगन अंतर्गत फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग रुद्री ने प्रशिक्षणार्थियों के साथ मिलकर 51 पौधों का रोपण किया। फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग के ट्रेनर व संचालक एलके साहू ने कहा कि प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के लिए पौधरोपण आवश्यक है। कार्यक्रम में प्रेम साहू, विष्णु साहू, अनुज, मिथिलेश, खिलेश्वर, सहदेव, डेविड, संजय, दुष्यंत, भूषण, अमन, काजल, प्रीति, सुष्मिता, आरती, तनु सिंह उपस्थित

प्रथम पृष्ठ का शेष

ओडिशा बार्डर टच करती थी जंगल ट्रेन

में मौजूद हैं। रास्ते में कई स्टेशन, रेस्ट हाउस के खंडहर हैं। रेलवे लाइन के ट्रेक को आज भी वन ग्रामवासी आवाजाही के लिए इस्तेमाल करते हैं। चरमुड़िया में स्टेशन मास्टर के क्वाटर में आज स्कूल संचालित है। कई स्थानों पर लकड़ी के स्लीपर बनाने के लिए स्थापित आरा मिल के भी अवशेष मौजूद हैं।

दस साल पहले लिए गए चार घंटे के काम में से दो घंटे का मिला था मानदेय

स्कूल सफाई कर्मचारियों ने दी अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सोमवार को अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों ने 10 साल पहले की मजदूरी भुगतान को लेकर कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। संघ ने 10 अगस्त तक राशि भुगतान नहीं होने पर 12 अगस्त से ब्लाक मुख्यालयों के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है।

छग अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर छग के पत्र दिनांक 5 अगस्त 2013 के आदेश के तहत जिला शिक्षाधिकारी धमतरी की बैठक कार्रवाई के आधार पर जिले में कार्यरत अंशकालीन सफाई कर्मियों को दो घंटे सुबह तथा दो घंटे शाम को स्कूल में काम लेने आदेशित किया गया। आदेशानुसार जिले में कार्यरत सभी स्कूल सफाईकर्मियों द्वारा दो घंटे सुबह तथा दो घंटे शाम को काम किया गया। 6 दिसंबर 2013 से 24 मार्च 2024 तक सफाईकर्मियों से अतिरिक्त दो घंटे का काम लिया गया।

10 साल पहले लिए गए अतिरिक्त काम का भुगतान सफाईकर्मियों को अब तक नहीं किया गया है। 23 सितंबर 2017 को जिला शिक्षाधिकारी धमतरी ने बजट वित्त 2017-18 में पूरे धमतरी जिले के प्राथमिक, माध्यमिक हायर सेकेंडरी स्कूलों में कार्यरत सफाईकर्मियों के लिए 2 करोड़ 58 लाख 68 हजार 929 रुपए के अतिरिक्त आवंटन को लेकर लोक शिक्षण संचालानालय रायपुर को मांग पत्र प्रेषित किया था। इधर विकासखंड शिक्षाधिकारी नगरी तथा विकासखंड मगरलोड ने मानदेय भुगतान को लेकर शिक्षाधिकारी को पत्र लिखकर मार्गदर्शन मांगा था। जिला शिक्षाधिकारी ने स्पष्ट उल्लेख किया है कि समय में कार्य अवधि 4 घंटे का मानदेय भुगतान किया गया है।

अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश्वर साहू, उपाध्यक्ष पीलूराम चक्रधारी, सचिव कलीराम सिन्हा ने बताया कि जिला शिक्षाधिकारी द्वारा मानदेय भुगतान होने की जानकारी असत्य है। सफाईकर्मियों के बैंक खाते में 4 घंटे की मानदेय राशि में से 2 घंटे का मानदेय राशि भुगतान शेष है। उन्होंने उचित कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि शासन- प्रशासन द्वारा 10 अगस्त तक अंशकालीन सफाई कर्मचारियों का मानदेय भुगतान नहीं किया जाता है तो स्कूल सफाई कर्मचारी 12 अगस्त से अपने-अपने ब्लाक मुख्यालयों के सामने अनिश्चिकालीन हड़ताल करेंगे। इसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से प्रीतेश ने की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नई दिल्ली संसद भवन में छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व सांसद सुनील सोनी, रायपुर जिला उपाध्यक्ष ललित जयसिंह भी उपस्थित थे।

महानदी की आरती में शामिल हुई पूर्व विधायक, भोलेनाथ से मांगी क्षेत्र की समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू बोल बम कांवरिया संघ द्वारा आयोजित महानदी की महाआरती में शामिल होकर रुद्रेश्वर महादेव में जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख, समृद्ध, खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि श्रावण मास का महीना श्रद्धा भक्ति से सराबोर होता है। भक्तजन भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करते हैं। बोल बम कांवरिया संघ प्रमुख दाऊ कृष्णकुमार गुप्ता ने बताया कि बोल बम कांवरिया संघ द्वारा विगत 32 वर्षों से कांवर यात्रा निकाली जा रही है।

श्रावण मास में रुद्रेश्वर से जल लेकर इतवारी बाजार में विराजमान बूढ़ेश्वर महादेव में जलाभिषेक करते हैं। इस अवसर पर राकेश साहू, जागेश्वरी साहू, पंकज साहू, अनीता यादव, शत्रुघन पांडेय, होरीलाल साहू, गोपाल वाधवानी सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त उपस्थित थे।

शिक्षक संवर्ग साख सहकारी समिति की 15 वीं वार्षिक आमसभा हुई

ऋण राशि 7 लाख करने, 10 प्रतिशत लाभांश देने पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शिक्षक संवर्ग साख सहकारी समिति मर्यादित की वार्षिक आमसभा आमातालाब रोड स्थित झिरिया धोबी समाज भवन में हुई। समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू एवं सचिव कौशल चंद्राकर ने बताया कि आमसभा सेवानिवृत्त व्याख्याता एलबी एवं प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डाही श्रीमती हेमन सोनवानी के मुख्य आतिथ्य में हुई। सचिव कौशल चंद्राकर द्वारा प्रतिवेदन वाचन किया गया। अध्यक्ष मेघनाथ साहू ने समिति के प्रस्ताव को आमसभा में सदस्यों के बीच अनुमोदन हेतु पटल में रखा। जिसमें ऋण राशि को 5 लाख से बढ़ाकर अधिकतम 7 लाख करने, ऋण अवधि को 5 वर्ष के स्थान पर 6 वर्ष करने, आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग करने एवं सभी अंशधारक सदस्यों को 10 प्रतिशत लाभांश प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव को सर्वसम्मति से सदस्यों ने पारित किया। इस अवसर पर कक्षा दसवीं में जिले में प्रथम आयुष सोनकर, द्वितीय अक्षत सिन्हा,पीयूष कुमार, कक्षा 12 वीं में प्रथम समीर कुमार, द्वितीय भूपेश कुमार को नकद राशि एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। पालक सदस्यों के बच्चों उमेश कावड़े, आर्यन साहू, खोमेश साहू, हेमन्त कुमार, गगन गजेंद्र, सत्यप्रकाश साहू का भी सम्मान किया गया। समिति की ओर से सदस्य उत्कृष्ट शिक्षकों गणेश प्रसाद साहू, रामकुमार साहू महेश्वरी सिन्हा, रूक्मणि साहू, शैलेन्द्र कुमार पारीक, रूपेश कुमार साहू, गौतम साहू, रामबगस गंगबेर, श्रीमती करुणा सोनबेर, मन्नू लाल देवांगन का का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने शिक्षकों की आर्थिक उन्नति के लिए गठित साख समिति की प्रसंशा करते हुए शिक्षकों को सदैव विद्यार्थियों के हित में कार्य करने की प्रेरणा दी। आम सभा को समिति के संयोजक देवनाथ साहू, संरक्षक रामबगस गंगबेर, जिला प्रतिनिधि लोकेश पांडे, उपाध्यक्ष चुरामन लाल कुम्भज, संस्थापक सदस्य हेमंत डेकाटे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन संचालक सदस्य बलराम तारम एवं फनेंद्र कुमार शांडिल्य तथा आभार व्यक्त कोषाध्यक्ष राजेंद्र यादव ने किया।

अब बच्चों को मिडिल की पढ़ाई के लिए बाहर जाना नहीं पड़ेगा

■ प्राथमिक शाला परसवानी का माध्यमिक में होगा उन्नयन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

अनुपूरक बजट 2024-25 में कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से कुरूद विधानसभा के ग्राम परसवानी (दहदहा) की प्राथमिक शाला का लाखों की लागत से पूर्व माध्यमिक शाला में उन्नयन कार्य होगा। परसवानी के छात्र छात्राओं को माध्यमिक शाला में पढ़ने के लिए 2 से 3 किलोमीटर दूर दहदहा या फिर सिवनीकला जाना पड़ता था। अब गांव में ही माध्यमिक स्कूल की शिक्षा मिलेगी। अब बच्चों को मिडिल की पढ़ाई के लिए बाहर अन्य गांवों में जाना नहीं पड़ेगा। शिक्षा प्राप्त करने के लिए उनके स्कूल की दूरी कम हो जायेगी। इससे पालकों में हर्ष है। ग्रामीण संजय साहू ने कहा कि प्राथमिक शाला का पूर्व माध्यमिक शाला में उन्नयन कार्य शिक्षा के स्तर को गांव में रहकर ही एक नया आयाम देना है।

इस पर शाला विकास समिति के सदस्य एवं ग्रामीण बुधराम ध्रुव, वासुदेव साहू, संजय साहू, उमराव ध्रुव, त्रिभुवन तारक, किशोर चंद्राकर, चंद्रिका राजपूत, भगवती साहू, नारद साहू, डोमन चंद्राकर, जीवराखन चंद्राकर, लोकनाथ साहू, कविता चंद्राकर, नारायण यादव, कन्हैया साहू, गौकरण ध्रुव ने कुरूद विधायक का आभार व्यक्त किया है।

बोड़रा स्कूल का शौचालय जर्जर

नगरी। प्राथमिक शाला बोड़रा के शौचालय की स्थिति खराब है। बच्चों को शौच के लिए बहुत परेशानी होती है। प्रधानपाठक का कहना है कि शौचालय अति जर्जर स्थिति में है। पीछे की ओर बाउंड्रीवॉल नहीं होने के कारण बच्चों और स्कूल स्टाफ को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रसोई कक्ष से पानी टपक रहा है। रसोईयों को खाना बनाने में परेशानी होती है। उच्च अधिकारी से इन समस्याओं से अवगत करा दिया गया है।

स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने स्कूल प्रंबधन की पहल

बागतराई स्कूल में छात्रों ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बागतराई में स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बच्चों ने वृक्षारोपण किया। इस दौरान बच्चों ने छायादार पौधे लगाए। कार्यक्रम में

जिला भाजपा महामंत्री अविनाश दुबे शामिल हुए। उन्होंने भी पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को अपनी मां के नाम पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने पौधों की सुरक्षा के लिए सजग रहने की हिदायत दी। मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु ने कहा कि प्रशासन की ओर से सभी से पेड़ लगाने की अपील की जा रही है।

धमतरी जिला में भी तापमान बढ़ता जा रहा है। इसका एकमात्र उपाय है वन क्षेत्र में वृद्धि करना। मंडल महामंत्री अमन राव ने कहा कि पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए पौधरोपण किया गया। पेड़-पौधों से हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है। कार्यक्रम में पुनाराम अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, नरेन्द्र साहू, महेश साहू ने अपने विचार रखे। आभार प्रदर्शन प्राचार्य केआर बघेल ने किया।

मौके पर ओमेश यादव, बिसौहाराम ग्राम पटेल, भगवती साहू सरपंच, भागीरथी साहू, सत्यवान साहू, नंदकिशोर, यादोराम साहू ,ध्रुव कुमार साहू अध्यक्ष कृषि समिति, नारायण साहू, गिरधे राम साहू, रमेचंद साहू, चुन्नी राम साहू , गैंदलाल साहू, मंगलराम यादव, लखन साहू, किशोर साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

पौधारोपण कर लिया सुरक्षा का संकल्प

अंवरी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोरातराई अ में एक वृक्ष मां के नाम वृहद पौधरोपण का आयोजन किया गया।

एसएमडीसी सदस्य, सरपंच खिलावनपाल, जनपद सदस्य परमेश्वरी साहू, मानकलाल साहू, रामखिलावन यदु, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, शाला की प्राचार्य रेणुका बारले, शिक्षकगणों तथा छात्र

छात्राओं ने उत्साह के साथ पौधरोपण कर उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया।

शाला प्रबंधन समिति छुही के शुभम अध्यक्ष बने

धमतरी। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शालेय प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया। जिले के प्रभारी मंत्री द्वारा शुभम यदु का नाम अध्यक्ष पद हेतु नामांकित किया गया। अन्य पदाधिकारी में विधायक प्रतिनिधि रोहित दास मानिकपुरी, सरपंच चिंताराम कुंजाम, शंकरलाल साहू, शत्रुघन साहू, अजय ध्रुव, श्रीमती बिंदु साहू, ताज खान, श्रीमती यामिनी सिन्हा, भानुप्रताप साहू, टिकेश्वर साहू चुने गए।

शीतलापारा में नहीं थम रहा पोस्टर चोरी का सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम पंचायत सुपेला में भखारा बाईपास व यात्री प्रतीक्षालय से लगे मैदान में शासन प्रशासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने पोस्टर लगाया गया था जिसकी असामाजिक तत्वों ने चोरी कर ली।

ग्रामीणों का कहना है कि जिस दिन पोस्टर लगता है, उसी रात में ही उसकी चोरी हो जाती है। लोगों को पता भी नहीं चलता कि सरकार की क्या-क्या योजना चल रही है।



स्काउटिंग सेवा का सशक्त माध्यम : राजकुमारी दीवान

कुरूद में जिलास्तरीय तृतीय सोपान एवं निपुण जांच शिविर का शुभारंभ

शिविर में 227 स्काउट्स-गाइड्स, रोवर रेंजर्स भाग ले रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ धमतरी द्वारा जिला स्तरीय पांच दिवसीय आवासीय तृतीय सोपान निपुण परीक्षण शिविर का आयोजन 30 जुलाई तक पुराना केंद्रीय विद्यालय भवन कुरूद में किया गया है।

शुभारंभ अवसर की मुख्य अतिथि राजकुमारी दीवान थी। निरंजन सिन्हा ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि ज्योति भानु चंद्राकर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, मनीष साहू अध्यक्ष स्थानीय संघ, राजेश पांडेय उपाध्यक्ष, रविंद्रनाथ मिश्रा बीईओ, सीके साहू सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, द्वारिका प्रसाद देवांगन प्राचार्य कन्या शाला कुरूद थे। शिविर का शुभारंभ फ्लैग होस्टिंग के साथ किया गया। शिविर में योगेश्वर साहू शिविर संचालक, हनुमान सिंह वर्मा, भारत लाल साहू, जीवनलाल साहू , अमित कंवर, हेमंत साहू, डोलेश्वरी साहू , ललिता पटेल, उर्मिला ध्रुव एवं शशि बंसोर सहायक संचालक के रूप में सहभागिता प्रदान कर रहे हैं। शिविर में स्काउट्स 66, गाइड 94, रोलर 18, रेंजर 19 , प्रभारी 8, संचालक मंडल 12 , सर्विस रोवर 10 कुल 227 स्काउट्स-गाइड्स, रोवर रेंजर्स भाग ले रहे हैं। राजकुमारी दीवान ने कहा कि स्काउटिंग सेवा का एक सशक्त माध्यम है। एक ओर जहां समाज में विभिन्न प्रकार की कुरूतियां जन्म ले रही हैं तो दूसरी ओर स्काउटिंग का यह संगठन जीवन जीने की कला सिखाते हुए बच्चों के अंदर सुनागरिक बनाने का गुण विकसित कर रहा है। निरंजन सिन्हा ने कहा कि मैं स्कूली जीवन से ही स्काउटिंग में रहा हूं। स्काउटिंग के प्रशिक्षण में बच्चों को साहसी, विश्वसनीय होना, प्रकृति प्रेमी, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करने में सहायक होना, मितव्ययी बनना, दूसरों की सहायता करना, विनम्र बनाना सिखाया जाता है। ज्योति चंद्राकर ने कहा कि आज हम अपनी संस्कृति, संस्कार से विमुख होते जा रहे हैं तो स्काउटिंग आज भी जड़ों को मजबूती से बनाये रखने में अपनी सहभागिता प्रदान कर रही है।

मनीष साहू अध्यक्ष ने कहा कि स्काउट गाइड संस्था सदैव असहाय की मदद करने के लिए तत्पर रहती है। विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को सफलता के टिप्स दिए। डीपी देवांगन प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ स्काउट गाइड प्रशिक्षण का लेना आवश्यक है। डीके साहू जिला सचिव ने परीक्षण पाठ्यक्रम यूनिफॉर्म, लाग बुक बनाना, स्काउटिंग के इतिहास, चिन्ह, सैल्यूट जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। राजेश पांडेय उपाध्यक्ष कुरूद ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन डीके साहू जिला सचिव ने किया। इस अवसर पर शीला साहू, कमलनारायण यादव, मेनका निषाद, प्रभाकर सिंह, बालमुकुंद साहू, वीणा खत्री, ऐस कुमार साहू, जितेंद्र सुधाकर समेत अन्य उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

गड्ढे में ट्रक फंसा

नगरी। सांकरा से बोराई जाने वाले मार्ग में ग्राम घटुला मेन रोड बाजार चौक के पास माल एक ट्रक पाइपलाइन के लिए खोदे गए गड्ढे में फंस गया।

सभी पाठ्यक्रम में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई

धमतरी। पं. रविशंकर शुक्ल विवि के सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। अंतिम 2 दिनों में सभी पाठ्यक्रम के लिए काम्पटेक महाविद्यालय सोरिद नगर धमतरी में ओपन प्रवेश लिया जा रहा है। बीसीए, पीजीडीसीए, बी. कॉम एवं बीएससी में 30 जुलाई एवं 31 जुलाई को सीधा प्रवेश दिया जायेगा। विद्यार्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रातः 10:30 से 2:30 बजे के बीच उपस्थित होंगे।

केंद्र सरकार के बजट से किसानों में निराशा

धमतरी। किसान नेता घनाराम साहू ने कहा कि केंद्र सरकार ने

जो कृषि बजट पेश किया है, वह किसानों के लिए कोई उत्साहजनक बजट नहीं है। यह बजट घिसा-पिटा पुराना बजट जैसा है। इसमें कोई नया नहीं है। किसानों को बड़ी घोषणाओं एवं दीर्घकालिक योजनाओं की उम्मीद थी लेकिन यह बजट किसानों की उम्मीद पर पानी फिरता दिखाई दे रहा है। सभी फसलों पर स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिश मूल्य एवं समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने की मांग किसानों द्वारा लगातार की जा रही थी लेकिन इस बजट में किसानों को निराशा हाथ लगी। सम्मान निधि की राशि में सरकार ने कोई बढ़ोतरी नहीं की।

सितेश्वर बने शाला विकास समिति अध्यक्ष

सिर्री। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिर्री में

शाला विकास समिति का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष सितेश्वर सिन्हा बनाए गए। इस अवसर पर उन्होंने कहा किशाला प्रबंधन समिति के माध्यम से वह स्कूल के विकास के लिए भरसक प्रयास करेंगे। समिति में प्रभारी मंत्री द्वारा मनोनीत 4 सदस्य झागेश्वर ध्रुव, सुरेश कुमार सार्वा, लेखराम सिन्हा, वंदना ध्रुव, सरपंच सरदार अमरजीत सिंह गुरुदत्ता तथा विधायक प्रतिनिधि हेमंत साहू, सांसद प्रतिनिधि धनेश बंजारे, प्रभारी मंत्री द्वारा मनोनीत अल्पसंख्यक सदस्य शेख नेहरूददीन, स्थानीय निकाय के शिक्षा समिति के सदस्य अनीता साहू, पालक दीपेश्वरी साहू, महेश्वर तारक, विज्ञान सदस्य अभिषेक त्रिपाठी, मानविकी सदस्य रामनाथ शर्मा, कला रोहित निर्मलकर और संस्कृति सदस्य के रूप में जनक कुंभकार को शामिल किया गया है।

ग्रामीण सड़कों की भयावह स्थिति विकास के दावों की खोल रही है पोल

दस दिन की लगातार बारिश से कुरुद विस की सड़कें खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

पूरे प्रदेशभर में विगत 10 दिनों से हो रही लगातार बारिश से जहां जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है वहीं बदहाल सड़कों से सरकार के विकास करने के दावों की पोल खुल गई है।

पहली बारिश से ही कुरुद विधानसभा के विभिन्न मार्गों की स्थिति गंभीर हो गई है। इससे ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

कुरुद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मार्ग चरमुड़िया से गोबरा, सिवनीकला, चरमुड़िया से भोथली, मेंडरका परसवानी, चर्रा से कातलबोड़, सिंधौरी से मंदरौद, नारी से चारभाठा, गुदगुदा, सिरसिदा, परखन्दा मार्ग खैरझिटी से अरौद मार्ग की हालत पस्त है।

रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और गड्ढों में पानी भरा हुआ है। मेघा से अरौद खैरझिटी मार्ग बड़े करेली मुख्य मार्ग अरौद से गिरौद सौंगा सड़क की स्थिति ऐसी हो गई है कि पानी में स्थानीय ग्रामीण मछली पकड़ने का काम कर रहे हैं। ग्रामीण सड़कों की भयावह स्थिति सरकार के विकास के दावों की पोल खोल रही है।

रास्तेभर हो गए हैं बड़े-बड़े गड्ढे

बारिश के पूर्व ही अनेक जगह सड़क धंस गई थी। बारिश के बाद रास्ते भर बड़े -बड़े गड्ढे बन गए हैं और गड्ढों में पानी भरा हुआ है। चारपहिया वाहनें तो जैसे-तैसे चल पा रहे हैं लेकिन ज्यादा परेशानी मोटर साइकिल, साइकिल चालक व राहगीरों को हो रही है। इसे देखकर साफ प्रतीत होता है कि सड़क कितनी मजबूती से बनाई गई है और ऐसी सड़कों के बनाये जाने से किनको फायदा हुआ है।

अवैध रेत उत्खनन व परिवहन से सड़क जर्जर

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि यहां सड़कों को कोई देखने वाला नहीं है। प्रशासन की आंखों के सामने रेत माफिया और हाइवा चालक लगातार रेत के अवैध खनन व परिवहन में व्यस्त हैं। इससे सड़कों का बुरा हाल है। शिकायत करने पर कार्रवाई भी दिखावे मात्र की होती है। संबंधित विभाग द्वारा बारिश पूर्व सड़क की मरम्मत व मजबूतीकरण के लिए कोई पहल नहीं की गई। नतीजन दुर्घटना घटने की आशंका बनी रहती है।

सालभर के अंदर सड़कें हुईं खस्ताहाल

कुरुद विधानसभा में विकास का ढिंढोरा पीटा जाता है लेकिन क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कें बता रही है कि कितना विकास हुआ है। जिन सड़कों का 6 माह में डामरीकरण हुआ है और गारंटी योजना में बनी सड़कों का जो साल भर के अंदर खस्ताहाल हो गया है, उस पर यहां के विकास पुरुष और सत्तासीन लोगों को नजर डालनी चाहिए। उसमें जांचकर कार्रवाई की जानी चाहिए। मैं मांग करती हूं कि जल्द से जल्द कुरूद विधानसभा की सड़कों की मरम्मत की जाए या फिर नई सड़कें बनाई जाये।

- तारिणी चंद्राकर, *सभापति जिपं धमतरी*

कृत्रिम बारिश से बढ़ा कांवरियों में जोश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सावन के दूसरे सोमवार को निकली कांवर यात्रा

सावन के दूसरे सोमवार को कांवरियों ने जोश खरोश के साथ कांवर यात्रा निकाली। पुराना बस स्टैंड के पास कांवरियों पर कृत्रिम बारिश की गई। इस बारिश में कांवरिए खूब झूमते नजर आए।

बोलबम कांवरिया कल्याण संघ के तत्वावधान में सावन के प्रत्येक सोमवार को कांवर यात्रा का आयोजन किया जाता है। सावन के दूसरे सोमवार कांवरयात्रा में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ पड़ी।

महानदी तट पर रूद्रेश्वर घाट में सुबह से कांवरिए पहुंच गए थे। महानदी की महाआरती और रूद्रेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना के बाद कांवर यात्रा प्रारंभ की गई। बोलबम का नारा लगाते हुए भक्ति में झूमते कांवरिए विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचे। यहां भोलेनाथ का जल अर्पित करने के बाद कांवर यात्रा ने शहर का भ्रमण किया। रामबाग, सदरबाजार, गोलबाजार होते हुए कांवरिए घड़ी चौक पहुंचे। यहां पर रूपेश राजपूत ने टैंकर से कृत्रिम बारिश की व्यवस्था कर रखी थी। कृत्रिम बारिश में श्रद्धालु जमकर थिरके। इसके बाद कांवरिए नागेश्वर महादेव, बटुकेश्वर महादेव में जलाभिषेक करते हुए बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे।

नागेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं को प्रसादी के रूप में केला और दूध का वितरण किया। इस दौरान दीपक लखोटिया, भूरा अग्रवाल, मेघराज ठाकुर, यशवंत कौशिक, संजय चंद्राकर, राजेंद्र शर्मा, पिंटू यादव, गिरधर लखवानी आदि उपस्थित थे।

मंदिरों में लगी रही भीड़

पूरे सावन को शिवभक्त त्यौहार की तरह सेलिब्रेट करते हैं। खासकर सोमवार को उनकी दिनचर्या स्नान के साथ शिव पूजन से शुरु होती है। शहर से लेकर गांव के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालु तांबे के लोटे में जल चढ़ाकर शिव पूजन करते नजर आए। कई मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए त्रिपुंड लीलन की भी व्यवस्था की गई थी।

मंजिल प्राप्त करने वाला कभी सीढ़ियों की चिंता नहीं करता : विशुद्ध सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

चातुर्मास पर इतवारी बाजार स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में प्रचवन सुनने जैन समाज के लोग उमड़ रहे हैं। विशुद्ध सागर ने अपने आज के प्रवचन में कहा कि जिस दिन हम अपनी आत्मा में डुबकी लगाएंगे उस दिन इस संसार से तैर जायेंगे। अपने मन को परमात्मा को याद करके आनंद से भरना है। सत्संग का उपयोग जानने और जीने में करना चाहिए।

मुक्ति प्राप्त करने के लिए पहले जानना फिर जांचना और उसके बाद उसे जीना अर्थात जीवन में उतारने आवश्यक है। जब ये प्रक्रिया अपनाएंगे तक मुक्ति संभव है। जब किसी धार्मिक कार्यों में हमारा मन नहीं लगता तो हम उस कार्य को बंद कर देते हैं लेकिन पाप के कार्यों को कभी बंद करने का प्रयास नहीं करते। मंजिल प्राप्त करने वाला कभी सीढ़ियों की चिंता नहीं करता।

नजरिया बदले बिना वास्तविकता नजर नहीं आती

उन्होंने आगे कहा कि हमें अपने जीवन से दोष दृष्टि को दूर करना है। तभी हम सुखी बन सकते है। हम दूसरों के दोष देखने के आदी हैं, इसलिए हमेशा दुखी रहते हैं। नजरिया बदले बिना वास्तविकता नजर नहीं आ सकती। अर्थात वास्तविकता को जानने और समझने के लिए अपने नजर की दोष दृष्टि अर्थात अपने अंदर के अज्ञान को दूर करना होगा। हमारा नजरिया हमारा क्रोध ही है। जीवन में पुण्य के उदय पर बड़ी से बड़ी गलती को संसार माफ कर देती है लेकिन पाप के उदय आने पर छोटी से छोटी गलती होने पर भी संसार सजा देती है।

संसार एक स्वप्न के समान

आत्मा में लगे विषय और कषाय को दूर करके पहले आत्मा को शुद्ध करना होगा। तब आत्मा परमात्मा बन सकती है। यह संसार एक झूठ या स्वप्न के समान है। जैसे चेहरे पर लगा हुआ रंगीन चश्मा उतरने पर वस्तु की वास्तविकता का ज्ञान होता है। वैसे ही अपनी दोषदृष्टि को दूर करके हम वास्तविकता को समझ सकते हैं। जीवन के समीकरण का समाधान करने के लिए दोषदृष्टि रूपी कोष्ठक को पहले हल करना होगा। पानी में डूबने से लकड़ी बचा सकती है पत्थर नहीं। दोष दृष्टि पत्थर के समान है।

मैराथन में जिले के खिलाड़ियों ने तीन मेडल जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दल्लीराजहरा में हुई राज्यस्तरीय ओपन मैराथन दौड़ प्रतियोगिता

राज्य स्तरीय मैराथन दौड़ में धमतरी के खिलाड़ियों ने तीन मैडल प्राप्त किये। कोच टिक्की निर्मलकर ने बताया कि विगत दिनों दल्लीराजहरा में आयोजित राज्य स्तरीय ओपन मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में धमतरी नगर निगम स्पोर्ट्स एकेडमी एवं मां भारती फिजिकल ट्रेनिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने मैराथन दौड़ में जिले का प्रतिनिधित्व किया।

यह प्रतियोगिता अलग-अलग आयु वर्ग महिला पुरुष वर्ग में आयोजित थी। जिले से यशवंत साहू, युवान लुंकड़, तनिष्क पटेल, संदीप राजपूत, तुलसी साहू, गौरव साहू, खोमेश्वर साहू, कुशाल सिंह ध्रुव, समीर साहू, चंपेश्वरी, मोनिका, श्रेया रानी साहू, इंद्राणी, कुंजलता नागवंशी, ममता, डोमेश्वर, नूतन प्रकाश साहू के साथ ही फिजिकल ट्रेनिंग अकादमी के कोच देवेंद्र साहू और धर्मेंद्र ने मास्टर इवेंट मैराथन में जिले का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में पूरे राज्यभर से 600 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।

इस प्रतियोगिता में नगर निगम स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी 19 वर्ष बालक वर्ग में यशवंत साहू ने अपने टॉप खिलाड़ी रैंकिंग को बरकरार रखते हुए टॉप 16 में पांचवां स्थान प्राप्त किया और लगातार चौथी बार राज्य स्तरीय मैराथन दौड़ में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है। बालिका वर्ग में मां भारती फिजिकल ट्रेनिंग अकादमी रुद्री की खिलाड़ी मोनिका ने टॉप 16 में दसवां स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ी इंद्राणी ने टॉप 16 में 12वां स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया। वहीं नन्हें खिलाड़ी युवान लुंकड़ 6 साल, समीर साहू, संदीप राजपूत, तनिष्क पटेल, गौरव साहू, तुलसी साहू ने मैराथन पूर्ण कर अपने साहस और हौसले का परिचय दिया।

इस उपलब्धि पर नगर निगम स्कूल के प्राचार्य केएल पटेल, क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी एआर थिटे, सत्यवान यादव, व्यायाम शिक्षक गिरीश गजपाल, ननकू महाराज, यशवंत साहू, रामकुमार साहू, शिवा प्रधान, ईश्वर पटेल, विजय यादव, देवेंद्र यादव, योगेश साहू, देवेश जोशी, वंदना बंजारे, रागिनी साहू, रितेश साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

कन्या महाविद्यालय में मना कारगिल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस मनाकर कारगिल योद्धाओं का सम्मान किया गया।

अतिथि केपी साहू, अध्यक्ष अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, अशोक वर्मा, अरूण साहू, सुनील जैन, चमनलाल ध्रुव थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. डीआर चौधरी ने की। केपी साहू ने कारगिल युद्ध में अपना योगदान और अनुभव साझा किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी रोली जांगड़े व आभार प्रदर्शन डॉ. जयश्री रणसिंह ने किया।

बिजली बिल में बढ़ोतरी के विरोध में आज कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भाजपा सरकार द्वारा प्रस्तावित स्मार्ट मीटर एवं बिजली बिल में बढ़ोतरी के विरोध में जिला युवा कांग्रेस द्वारा आज दोपहर 12:30 बजे एफसीआई के पास रायपुर रोड बिजली ऑफिस के सामने विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

12 प्रशिक्षणार्थियों को मिला जॉब लेटर

कुरूद। जनपद पंचायत कुरूद में प्रथम अरोड़ा शिक्षण केंद्र अंतर्गत इलेक्ट्रिकल बैच नंबर 17 के 12 प्रशिक्षणार्थियों को बीआर वर्मा सीईओ जनपद पंचायत कुरूद ने जॉब ऑफर लेटर का वितरण किया।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स)
सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2024
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
9 अगस्त 2024, शुक्रवार
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग नासिक के आचार्य पंडित शिवा प्रसाद चतुर्वेदी के सानिध्य में विद्वान पंडितों के द्वारा काल सर्प दोष निवारण अनुष्ठान विधि विधान पूर्वक संपन्न कराया जाएगा। पंजीयन 2101/- रूपए
संपर्क करें
99931-57703, 98278-32481
99812-87578, 99773-28973

खेल को जनमानस तक पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य : सुमीत

- क्रीड़ा भारती छग प्रांत का दो दिवसीय क्रीड़ा केन्द्र प्रशिक्षण शिविर लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

क्रीड़ा भारती छग प्रांत का दो दिवसीय क्रीड़ा केन्द्र प्रशिक्षण शिविर राम मंदिर परिसर भरत भवन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छग राज्य के 12 जिलों के क्रीड़ा केन्द्र प्रशिक्षक व पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के संयोजक विरेन्द्र देशमुख व सुधीर राजपाल थे।

इस अवसर पर छग प्रान्त क्रीड़ा भारती के प्रांत मंत्री सुमीत कुमार उपाध्याय ने कहा कि खेल को जनमानस तक पहुंचाना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। सभी वर्ग के सभी आयु के लोग खेल से जुड़कर स्वस्थ समाज की स्थापना में अपना सहयोग दें। खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारना व उनको राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तैयार करना हमारा उद्देश्य है। क्रीड़ा भारती सहसंगठन मंत्री तारणीश गौतम ने क्रीड़ा भारती के संगठन, उद्देश्य पर प्रकाश डाला। अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी नीता डुमरे ने क्रीड़ा केन्द्र में प्रशिक्षकों की भूमिका पर चर्चा की।

क्रीड़ा भारती के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुधीर राजपाल ने खिलाड़ियों के कौशल विकास पर अपने विचार प्रकट किए। विभाग संयोजक छगनलाल सोनवानी ने योगासान, सूर्य नमस्कार व शारिरिक अभ्यास द्वारा क्रीड़ा केन्द्र प्रशिक्षकों को योग के महत्व को समझाया। छग प्रांत के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपेश्वर कहरा ने खिलाड़ियों के प्रतिभा विकास के लिए आवश्यक सुझाव दिए।

क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष, संजय शर्मा ने भार प्रशिक्षण के विषय में सभी क्रीड़ा केन्द्र प्रशिक्षकों को मार्गदर्शन दिया। स्पोर्टस इंजूरी के बचाव पर एफ-95 फिलियोथैरेफी सेंटर रायपुर द्वारा जानकारी देकर दी गई। समापन अवसर पर 50 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम का संचालन विरेन्द्र देशमुख व आभार प्रदर्शन गोपेश्वर कहरा ने किया। कार्यक्रम में धमतरी क्रीड़ा भारती के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण पहलवान भी शामिल हुए।

By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
20 सितंबर 2024
10 नवंबर 2024
10 जनवरी 2025
मकर संक्रांति
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर- 17,500/-, 3AC-27,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग,
श्री तिरूपति बालाजी,श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 30,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411